# वन्यजीव सप्ताह 2025 समारोह

## चर्चा में क्यों?

**केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव** ने **हरियाणा के मानेसर** में नमो वन की आधारशिला रखने के साथ-साथ अरावली प्रजाति नर्सरी का उद्घाटन तथा **वन्यजीव सप्ताह 2025 (2-8 अक्तूबर)** का शुभारंभ किया।

## मुख्य बिंदु

- **नमो वन**:
  - राज्य सरकार ने "नमो वन" विकसित करने के लिये **हरियाणा** में 75 स्थानों की पहचान की है और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिये सक्रिय रूप से **वृक्षारोपण अभियान** चला रही है।
  - नमो वन एक नई **पर्यावरण अनुकूल पार्क पहल** है जिसे प्रमुख शहरों में शुरू किया गया है, जो **हरित स्थलों** को बढ़ाने और **शहरी स्थिरता** को प्रोत्साहित करने के लिये प्रधानमंत्री **नरेंद्र मोदी** के राष्ट्रव्यापी प्रयास का हिस्सा है।
- **अरावली प्रजाति नर्सरी**:
  - यह नर्सरी स्वदेशी **अरावली प्रजातियों** के **संरक्षण और पुनःरोपण** के लिये समर्पित है, साथ ही **हरित आवरण** का विस्तार, जैवविविधता का संरक्षण तथा **वन्यजीव आवासों** का निर्माण भी करेगी।
- **सहयोगात्मक प्रयास**:
  - केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहयोग से ग्रीन अरावली एक्शन प्लान को **दक्षिणी हरियाणा** में लागू किया गया है। यह पहल चार राज्यों की **अरावली पहाड़ियों** तक फैली हुई है, जिसमें 29 चिह्नित ज़िलों में से पाँच **हरियाणा** में शामिल हैं।
- **वन्यजीव सप्ताह 2025:**
  - वर्ष 1952 में संकल्पित, यह सप्ताह प्रतिवर्ष **2 से 8 अक्तूबर** तक मनाया जाता है।
  - **थीम 2025**: **सेवा पर्व- प्रकृति के प्रति सेवा और उत्तरदायित्व पर ध्यान केंद्रित करना**।
  - **उद्देश्य**: **वन्यजीव संरक्षण** और पारिस्थितिकीय संतुलन के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ाना।
- **महत्त्व:**
  - **यह जैवविविधता संरक्षण** और **पारिस्थितिकीय संतुलन** के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सशक्त करता है।
  - यह पर्यावरणीय पहलों में **जनभागीदारी को प्रोत्साहित** करता है।
  - यह **जलवायु कार्रवाई** और **स्थिरता** के प्रति भारत की **वैश्विक प्रतिबद्धताओं** के अनुरूप है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wildlife-week-2025-celebrations